RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 13 नवंबर 2024 | वर्ष 06 | अंक 214 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

ठाणे में 52 अवैध होर्डिंग धारकों को मनपा का नोटिस,



Page - 2

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# महाराष्ट्र चुनाव के लिए कांग्रेस का मेगाप्लान !

## अगले छह दिनों में नब्बे सभाएं... घर-घर पहुंचेगा गारंटी कार्ड

**महाराष्ट्र : महाराष्ट्र चुनाव प्रचार के आखिरी 6 दिनों में कांग्रेस पूरी ताकत झोंकने वाली है. जानकारी के मुताबिक कांग्रेस के राष्ट्रीय और प्रदेश के बड़े चेहरे अगले छह दिनों में करीब नब्बे सभाएं करने वाले हैं. इनमें से करीब 20 सभाएं राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और प्रियंका गांधी करेंगे. राहुल गांधी की मराठवाड़ा, पश्चिम महाराष्ट्र और उत्तरी महाराष्ट्र में 6 सभाएं होंगी. प्रियंका गांधी महाराष्ट्र में चार सभाएं करेंगी जिसकी शुरूआत बुधवार से होगी. वायनाड में मतदान के दिन से प्रियंका महाराष्ट्र का मोर्चा संभालेंगी. कांग्रेस अध्यक्ष खरगे की दस रैलियों की रणनीति बनी है. विदर्भ, मराठवाड़ा और उत्तरी महाराष्ट्र के इलाकों पर कांग्रेस का खास फोकस रहने वाला है.**

### स्टार प्रचारकों में पायलट और इमरान प्रतापगढ़ी का ज्यादा डिमांड

कांग्रेस स्टार प्रचारकों में सबसे ज्यादा डिमांड इमरान प्रतापगढ़ी और सचिन पायलट की है. इमरान की बीस से ज्यादा और पायलट की करीब आठ सभाएं होंगी. तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी और कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया भी प्रचार में नजर आएंगे. इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले 20 और वरिष्ठ नेता बाला साहेब थोराट 15 सभाएं करेंगे. 17 नवंबर को मुंबई में कांग्रेस, शिवसेना उद्धव ठाकरे और एनसीपी शरद पवार के शीर्ष नेताओं की संयुक्त सभा हो सकती है.



### गारंटी कार्ड को 5 करोड़ लोगों तक पहुंचाने का लक्ष्य

कांग्रेस ने महा विकास अघाड़ी की पांच बड़े वादों वाला गारंटी कार्ड 5 करोड़ लोगों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है. इसके लिए डोर टू डोर अभियान चलाया जा रहा है. बीजेपी के 'बटेंगे तो कटेंगे' के नारे के जवाब में कांग्रेस ने अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया है कि वो लोगों से उनके मुद्दों की बात करें और बीजेपी पर असली मुद्दे से भटकाने का आरोप लगाएं. कांग्रेस ने आखिरी चरण में किसानों की तीन लाख तक की कर्ज माफी और महिलाओं को तीन हजार प्रति माह जैसे लुभावने वादों को आक्रामक तरीके से उठाने की रणनीति बनाई है. इस रणनीति का कितना लाभ कांग्रेस और महा विकास अघाड़ी को मिलता है ये नतीजों के दिन ही पता लगेगा. हालांकि कांग्रेस को भरोसा है कि जैसे लोकसभा चुनाव में उसके गठबंधन ने 48 में से 31 सीटें जीती थी विधानसभा चुनाव में उससे भी बेहतर प्रदर्शन रहेगा.

# शिवसेना के दोनों गुटों में लगी मुस्लिम वोटरों को लुभाने की होड़...

## MVA और महायुति के प्रत्याशियों ने छपवाए उर्दू में पर्चे

**मुंबई:** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बीच प्रत्याशी मतदाताओं को लुभाने के लिए कोशिशों में लगे हुए हैं। शिवसेना के दोनों गुटों में अब मुस्लिम मतदाताओं को अपनी ओर करने की होड़ लग गई है। इस बीच मुंबई की दिंडोशी विधानसभा सीट से महायुति और महा विकास अघाड़ी के प्रत्याशियों ने मुस्लिम वोटर्स को लुभाने के लिए उर्दू में पर्चे छपवाए हैं। दोनों ही दलों के उम्मीदवारों ने मुस्लिम समाज के लिए किए गए उनके कामों को इन पर्चों के माध्यम से बताया है। महायुति और महा विकास अघाड़ी के उम्मदवारों ने मुस्लिम मतदाताओं से उन्हें वोट देने की अपील की है।

महायुति और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता संजय निरुपम ने उर्दू में पम्प्लेट छपवाकर मुसलमानों के लिए उनके द्वारा किए कामों को बताया। साथ ही कहा कि मुझे कामयाब बनाएं।



### संजय निरुपम के पम्प्लेट में क्या है?

संजय निरुपम के पम्प्लेट में लिखा है कि सांसद रहते इलाके की मस्जिद का मामला हल कराया, मुस्लिम बच्चियों को मौलाना आजाद छात्रवृत्ति दिलाई, निर्दोष मुस्लिम बच्चों को जेल से छुड़ाया का काम किया। हिंदू मुस्लिम सौहार्द्र बनाए रखने की कोशिश करना। मुस्लिम महिलाओं को मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना का फायदा दिलाना

### उद्धव गुट के सुनील प्रभु ने क्या बताया?

वहीं दूसरी ओर महा विकास अघाड़ी और उद्धव गुट के प्रत्याशी सुनील प्रभु ने उर्दू में छपे पर्चे में लिखा कि ह्ल2024 का महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 20 नवंबर दिन बुधवार को होगा। महा विकास अघाड़ी में कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार), समाजवादी और कई अन्य पार्टी मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं।ह्व ह्लशिवसेना (यूबीटी) के उम्मीदवार सुनील प्रभु ने विधायक रहते मुसलमानों और मुस्लिम इलाके के लिए काम किए हैं। इस बार तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। मुस्लिम मतदाताओं से अपील है कि तीन नंबर का बटन दबाकर शिवसेना (यूबीटी) के सुनील प्रभु को भारी मतों से विजयी बनाएं।ह्व बता दें कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 20 नवंबर को मतदान होना है। मुंबई की दिंडोशी विधानसभा सीट पर शिवसेना के दोनों गुटों में कांटे के मुकाबला होने की उम्मीद है। इस सीट से दोनों ही प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं।

# 'तुम मेरा बैग खोलो... बाद में मैं तुम्हें...'

## चेकिंग पर भड़के उद्धव ठाकरे ने दी चेतावनी !

**मुंबई:** महाराष्ट्र में चुनाव अधिकारियों ने शिवसेना उद्धव गुट के प्रमुख और महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे के बैग की जांच शुरू कर दी। इस दौरान उद्धव ठाकरे की उन अधिकारियों से तीखी नोकझोंक भी हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। उद्धव ठाकरे ने अधिकारियों को बैग की जांच करने की इजाजत तो दे दी, लेकिन इस दौरान उन्होंने गुस्से में उनसे कई सवाल भी पूछे। इतना ही नहीं, उद्धव ठाकरे ने खुद इस घटना का वीडियो रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर शेयर किया। दरअसल, चुनाव प्रचार के लिए सोमवार को उद्धव ठाकरे यवतमाल जिले में पहुंचे थे।



यहां के वणी हेलीपैड पर जब उद्धव ठाकरे का हेलीकॉप्टर उतरा, तो वहां खड़े चुनाव आयोग के अधिकारी ने उद्धव ठाकरे के हेलीकॉप्टर की जांच की। इसके बाद अधिकारियों ने जांच के लिए उद्धव ठाकरे से उनका बैग मांगा। इससे वह नाराज हो गए। उन्होंने बैग तो सौंप दिया, लेकिन कर्मचारियों से पूछताछ करते हुए वीडियो रिकॉर्ड करना शुरू कर दिया।

# संपादकीय...



## हमारे पैमानों की अरदास

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

बातें तो अच्छी कर गए केंद्रीय ऊर्जा तथा आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर, लेकिन मसलों पर गिरी बर्फ पिघलनी चाहिए। चिट्ठियां बहुत पहले की निकली हुई, लेकिन डाकिया हर बार घर भूल जाता। एक बार फिर हिमाचली मसलों का मंच सजा और एक केंद्रीय मंत्री की गवाही में हमारी आशाएं गुनगुनाने लगीं। हमारा खजाना, हमारी आत्मनिर्भरता का पैमाना तब-तब खुश हो जाता, जब-जब लगता है कि पंजाब पुनर्गठन के 58 साल बाद कहीं तो कोई हमारे हक की बात सुन रहा है। इस बार मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू सुना रहे थे और सामने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के सामने सारे पैमाने अरदास कर रहे थे। एक सौ दस मैगावाट का शानन विद्युत प्रोजेक्ट इस बैठक से सिर्फ आजादी का एक पन्ना मांगता रहा। वह पन्ना जिसके ऊपर लिखी रसीद बताती है कि सदी पूर्व लीज पर रखी शानन विद्युत परियोजना की नींव अब अपनी वैधता खो चुकी है। जल, जंगल और जमीन की पैरवी करता आज का हिमाचल जिस सतह पर खड़ा है, वहां पंजाब पुनर्गठन के अवशेष पूरी तरह हिमाचली हैं तो फिर शानन परियोजना के मालिकाना हक की बेडि◌ां टूटनी चाहिएं। एसजेवीएन के ताले में बंद ऊर्जा नीति की रूपरेखा का सवाल पुनः केंद्रीय मंत्री के हवाले न्याय की परिपाटी खोज रहा है। बिजली उत्पादन से जुड़ी रॉयल्टी अगर एक फामूर्ले के तहत लागू है तो केंद्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रम कौनसा सुरमा आंखों में डाले हैं जो आज तक जायज देनदारी पर कुंडली मार कर बैठे हैं। रॉयल्टी के पैमाने तीस प्रतिशत तक पहुंच कर भी असहाय बनाए जा रहे हैं, तो यह प्रश्न देश के संघीय ढांचे और उस सहमति पत्र से है, जो एक फामूर्ले के तहत पहले बारह वर्षों में 12 प्रतिशत, अगले अठारह वर्षों के लिए 18 और अंतिम चरण के दस वर्षों में रॉयल्टी का आंकड़ा तीस प्रतिशत पहुंचा देता है, लेकिन इसके विपरीत एसजेवीएन कुंडली मार कर बैठा है।

केंद्र सरकार के पास यह मसला वर्षों से संघीय ढांचे के तहत राज्य के अधिकार की नुमाइंदगी कर रहा है, लेकिन सरकारें इस विषय पर सदैव मौन होती रही हैं। सवाल हिमाचल की जन्मपत्री का है, जिसे पंजाब पुनर्गठन के साथ और बाद में पर्वतीय राज्य की उम्मीदों से लिखा गया है। मनोहर लाल खट्टर के आगमन की सुगबुगाहट में जाठिया देवी उपग्रह शहर के मंसूबे झांकने लगे हैं। परियोजना के संदर्भ पिछले डेढ़ दशक से अपनी आंखें खोल रहे हैं, लेकिन केंद्र के सामने ऐसे संकल्प की इज्जत बचाना मुश्किल है।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 99877 75650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK
LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# ठाणे में 52 अवैध होर्डिंग धारकों को मनपा का नोटिस, मनपा वसूलेगी 10 करोड़ 96 लाख का जुमार्ना

**ठाणे:** कुछ महीने पहले, प्रशासन ने ठाणे नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों में लगाए गए होर्डिंग्स को हटाने की कार्रवाई की थी, जो अनुमत आकार से बड़े थे और इसके बाद, प्रशासन ने 52 होर्डिंग मालिकों को जुमार्ना नोटिस जारी किया है। पिछले कई सालों से इन होर्डिंग्स के जरिए पैसा कमा रहे हैं। इस जुमार्ने की कुल राशि 10 करोड़ 96 लाख 19 हजार 574 रुपये है और इस कार्रवाई से होर्डिंग मालिकों को झटका लगा है.



घाटकोपर में होर्डिंग की घटना के बाद ठाणे में अवैध होर्डिंग का मामला सामने आया. इस मुद्दे पर आलोचना शुरू होते ही ठाणे नगर निगम ने अवैध होर्डिंग के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी. इस कार्रवाई में नगर पालिका ने शहर में 49 विज्ञापन बोर्डों पर कार्रवाई की. 49 में से 5 होर्डिंग्स को पूरी तरह से हटा दिया गया, जबकि स्वीकृत आकार से अधिक आकार वाले 44 होर्डिंग्स में केवल अतिरिक्त का लेटर ही हटाया गया. ठाणे नगर निगम की अनुमति के बिना कई वर्षों से अवैध रूप से विज्ञापन करके पैसा कमाने वाले होर्डिंग मालिकों के खिलाफ नगर पालिका ने कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की थी। इससे नगर पालिका की आलोचना हुई कि वह सिर्फ कार्रवाई का दिखावा कर रही है। साथ ही इस संबंध में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के ओवला-मजीवाड़ा विधानसभा प्रभाग अध्यक्ष संदीप पाचांगे ने नगर पालिका को एक पत्र भेजकर गलत स्थल निरीक्षण रिपोर्ट देकर नगर पालिका को धोखा देने वाले अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की मांग की थी. आठ दिन के अंदर कार्रवाई करने अन्यथा कोर्ट जाने की चेतावनी दी गयी. इस चेतावनी के बाद भी नगर पालिका द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किये जाने पर पंचगे ने अदालत में याचिका दायर की. इसके बाद प्रशासन ने 52 होर्डिंग मालिकों को जुमार्ने का नोटिस जारी किया है जो पिछले कई सालों से इन होर्डिंग्स के जरिए पैसा कमा रहे थे और इस जुमार्ने की कुल राशि 10 करोड़ 96 लाख 19 हजार 574 रुपये है. घाटकोपर हादसे के बाद जब हर जगह होर्डिंग्स की सुरक्षा को लेकर चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं, ऐसे में ठाणे नगर निगम की ओर से की गई यह कार्रवाई अहम मानी जा रही है. इस कार्रवाई में विहंग कंपनी पर 44 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है. इसके साथ ही अन्य कंपनियों पर भी जुमार्ना लगाया गया है. इस कार्रवाई से अवैध जमाखोरी रोकने में मदद मिलेगी और शहर की सुंदरता भी बरकरार रहेगी। साथ ही नागरिकों की सुरक्षा को भी कोई खतरा नहीं होगा. जमाखोरों पर नियंत्रण के लिए ठोस नीति बनाने और उसे सख्ती से लागू करने की जरूरत है।

# कांग्रेस अध्यक्ष के बिगड़े बोल, BJP को दी गंदी गाली... किरीट सोमैया ने किया पलटवार



**मुंबईः** महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने एक जनसभा के दौरान बीजेपी को लेकर विवादित बयान दिया है। उनके बोल बिगड़े हैं, जिस पर बीजेपी ने पलटवार भी किया है। दरअसल नाना पटोले अकोला जिले में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने कहा, 'बीजेपी को कुत्ता बनाने का समय आ गया है।' नाना पटोले ने कहा, 'ओबीसी के लोग भी यहां पर बैठे हैं। नहीं तो तुम हैदराबाद वाले की बात करोगे। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या अकोला जिले के ओबीसी के लोग बीजेपी के लिए वोट करेंगे जो तुमको कुत्ता बोलते हैं। अब बीजेपी को कुत्ता बनाने का समय आ गया है।' नाना पटोले ने कहा, 'बीजेपी को कुत्ता बनाने का समय आ गया है। यह इतनी मस्ती में आ गए हैं, यह तो भगवान है ना। पहले देवेंद्र जी थे। मुझे तो सभी लोग नाना भाऊ ही बोलते हैं। पहले से बोलते हैं, मेरे घर पर भी बोलते हैं, आप लोग भी बोलते हैं। पहले इसको देवेंद्र जी बोलते थे लेकिन अब उसने अपना नाम बदल दिया। देव भाऊ हो गया है। कुछ दिन के बाद भाऊ हटा देगा तो क्या हो जाएगा (जनता देवा)। एक स्वयं विश्व गुरु तो दिल्ली में बैठे ही हैं।'

**बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने किया पलटवार**

महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले की विवादित टिप्पणी पर बीजेपी नेता किरीट सोमैया का बयान सामने आया है। सोमैया ने कहा, 'वे निराशा से हताशा की ओर जा रहे हैं। शरद पवार कुछ कह रहे हैं, उद्धव ठाकरे मौखिक रूप से चुनाव आयोग को गाली दे रहे हैं। अब, राहुल गांधी की कांग्रेस बीजेपी को कुत्ता बुला रही है।

# कल्याण नाका इलाके से एमडी ड्रग तस्कर गिरफ्तार, ढाई महीने में 800 करोड़ की ड्रग्स जब्त

**मुंबईः** भिवंडी क्राइम ब्रांच पुलिस ने स्थानीय कल्याण नाका इलाके से एक एमडी ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 65 ग्राम एमडी पाउडर और दो लाख पांच हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन जब्त किया गया है. शहर में पिछले 18 दिनों में एमडी पाउडर के साथ गिरफ्तारी का यह दूसरा मामला है. यहां अब तक 800 करोड़ 39 लाख का माल जब्त किया जा चुका है. वहीं, मेफेड्रोन पाउडर के साथ छह आरोपियों की गिरफ्तारी से यह आलोचना होने लगी है कि श्रम प्रधान शहर भिवंडी ड्रग माफिया का केंद्र बन गया है।



भिवंडी क्राइम ब्रांच के सहायक पुलिस निरीक्षक श्रीराज माली ने बताया कि क्राइम ब्रांच के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जनार्दन सोनवणे को सूचना मिली थी कि एक आरोपी एमडी ड्रग्स बेचने के लिए स्थानीय कल्याण नाका पर आने वाला है. इसके बाद पुलिस ने जाल बिछाया और बुधवार (6 तारीख) सुबह 7:55 बजे कपाली के सकरादेवी मंदिर के पीछे वाली गली से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, उसके पास से 65 ग्राम एमडी पाउडर और एक मोबाइल फोन मिला. उसके पास से दो लाख पांच हजार का माल बरामद हुआ है. आरोपी की पहचान अर्सलान उर्फ जम्मन अब्दुल सलाम अंसारी (26) के रूप में हुई है और वह स्थानीय नगांव रोड पर सागर प्लाजा होटल के सामने फेकवा बिल्डिंग में रहता है। भिवंडी शहर पुलिस ने कांस्टेबल शशिकांत यादव की शिकायत पर गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है और जब 7 नवंबर को उसे अदालत में पेश किया गया, तो अदालत ने उसे चार दिनों की पुलिस हिरासत की सजा सुनाई।

# खारघर में गोल्डन लोमड़ी मृत मिली...

# पर्यावरणविदों ने एक बार फिर वन्यजीव संरक्षण के मुद्दे पर चिंता जाहिर की

**पनवेल:** खारघर के सेक्टर 15 में रविवार रात 11:30 बजे खारघर के निवासियों को एक गोल्डन लोमड़ी मृत मिली. इसके चलते पर्यावरणविदों ने एक बार फिर वन्यजीव संरक्षण के मुद्दे पर चिंता जाहिर की है. कुछ महीने पहले खारघर में एक सुनहरी लोमड़ी के अवशेष मिले थे. चूंकि शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिला, इसलिए लोमड़ी की मौत का सही कारण पता नहीं चल सका। हालांकि, रविवार रात को सेक्टर 15 में डीएवी स्कूल के पास एक गोल्डन लोमड़ी मृत पाई गई और पशु प्रेमी आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं.



बताया जाता है कि लोमड़ी की मौत किसी वाहन की चपेट में आने से हुई है। लेकिन फिर भी सही कारण समझ में नहीं आ सका. पिछले साल से, तलोजा औद्योगिक एस्टेट से अपशिष्ट जल को ले जाने और इसे खारघर क्रीक बेसिन में छोड़ने के लिए एक चैनल बिछाने का काम क्रीक बेसिन में चल रहा है। इस कार्य को करने के लिए खादीपत्र को सुखाया गया। इसके बाद इस खादी बर्तन में राडारोडिया फिलिंग डाली गई. महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम ने यह भी कहा कि चैनल बिछाने का काम पूरा होने के बाद इस भराव को हटा दिया जाएगा और उसके बाद खाड़ी में पानी का रास्ता पहले की तरह फिर से खोल दिया जाएगा. हालाँकि, इस सभी कार्य के दौरान, सूखी खाड़ी में जलीय जीवों और खाड़ी के पास रहने वाले जानवरों के आवास की समस्या थी। खारघर के निवासियों ने पहले भी एक सुनहरी लोमड़ी देखी थी। हालाँकि, प्राकृतिक आवासों के नष्ट होने के कारण शहरी क्षेत्रों में वन्यजीवों के देखे जाने की घटनाएँ अक्सर हो रही हैं। इससे पहले खारघर में लोमड़ी के अवशेष मिलने के बाद पर्यावरणविद् सतर्क हो गए थे और वन्यजीव संरक्षण के लिए विभिन्न सरकारी एजेंसियों से शिकायत की थी. पिछले कई महीनों से जानवरों के लिए काम कर रही महाराष्ट्र सरकार की पशु कल्याण अधिनियम नियामक समिति की मानद पशु कल्याण अधिकारी सिमा टैंक की एक सहकर्मी रविवार को खारघर में रात में गश्त के दौरान सेक्टर 15 में डीएवी पर पहुंचीं। जब रात में स्कूल के पास एक कुत्ता जैसा जानवर मृत पाया जाता है, तो सीमा टैंक और उनके सहयोगियों ने पुष्टि की कि यह एक सुनहरा लोमड़ी है।

# मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर शराब की तस्करी... कार समेत आठ लाख का सामान जब्त



**मुंबई :** अहमदाबाद हाईवे पर कारों से नकली शराब की तस्करी बंद हो गई है. महालक्ष्मी मंदिर के पास फ्लाईओवर पर कार्रवाई में 32 पेटी शराब का स्टॉक और एक कार जब्त की गई है। कार्रवाई में आठ लाख का माल जब्त किया गया है और चालक के खिलाफ शराब निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है. शराब की तस्करी को रोकने के लिए जिले और केंद्र शासित प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में दिन-रात गश्त और निगरानी रखी जा रही है विधानसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में केंद्र शासित प्रदेश पालघर से शराब. शुक्रवार (10) सुबह आबकारी विभाग की भरारी टीम को मुंबई-अहमदाबाद हाईवे से नकली शराब की तस्करी की सूचना मिली. उसी जानकारी के मुताबिक यह कार्रवाई की गई है.

# ‘मशाल’ तो बस घरों में आग लगाने का काम कर रही है - शिंदे




**मुंबई :** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की तारीख 20 नवंबर है। इस बीच सियासत चरम पर है, सत्ता पक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर तीखे हमले कर रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर जमकर निशाना साधा है। सोमवार को एक चुनावी जनसभा के दौरान शिंदे ने उद्धव पर तंज कसते हुए कहा कि शिवसेना (यूबीटी) का चुनाव चिह्न ‘मशाल’ तो बस घरों में आग लगाने का काम कर रही है। इसके साथ ही शिंदे ने मुस्लिम वोट बैंक का भी जिक्र किया और साथ ही महाविकास अघाड़ी के ढाई साल के कार्यकाल पर भी निशाना साधा।

**शिंदे ने उद्धव पर कसा तंज**

सीएम शिंदे ने शिवसेना उम्मीदवार रमेश बोरनारे के लिए वैजापुर में एक रैली को संबोधित किया और उन्होंने शिवसेना (उबाठा) के लिए बढ़ते समर्थन के दावे को खारिज कर दिया और दावा किया कि उसके पक्ष में बढ़ रहा मुस्लिम वोट बैंक जल्द ही बिखर जाएगा। शिंदे ने कहा कि उनके पक्ष में बढ़ रहा मुस्लिम वोट जल्द ही बिखर जाएगा।'' शिंदे ने दावा किया कि मराठवाड़ा क्षेत्र के विधायकों को 2019 (जब एमवीए सरकार सत्ता में आई) के बाद 2.5 वर्षों के दौरान अपने निर्वाचन क्षेत्रों के विकास के लिए एक भी रुपया नहीं मिला था।

# मतदान जागरूकता ; ‘हेरिटेज वॉक’ एक अनूठी पहल का आयोजन

**मुंबई:** विधानसभा चुनाव का महासंग्राम जारी है और आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है. चुनाव के अवसर पर, मतदान के प्रति जन जागरूकता पैदा करते हुए सामाजिक क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ने वाले गणमान्य व्यक्तियों की स्मृति में मुंबई नगर निगम और शिलाहार हेरिटेज सर्विस के सहयोग से ‘विलपार्ले (पूर्व) हेरिटेज वॉक’ नामक एक अनूठी पहल का आयोजन किया गया है। इस गतिविधि में विलेपार्ले (पूर्व) क्षेत्र में दिग्गजों के आवासों और संस्थानों का दौरा किया जाएगा।



विधानसभा चुनाव की घमासान जारी है और पदयात्रा, घर-घर जाकर, चौक-चौराहों पर बैठकें आदि के जरिए प्रचार अभियान चरम पर पहुंच गया है. चुनाव मैदान में उतरे सभी दलों के उम्मीदवार इस वक्त प्रचार में जुटे हुए हैं. वहीं, मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न तंत्र विभिन्न सामाजिक संगठनों के माध्यम से जन जागरूकता गतिविधियां चला रहे हैं. साइकिल रैली, नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है. अंधेरी इलाके में हाल ही में साइकिल रैली और नुक्कड़ नाटक के जरिए मतदान के प्रति जागरूकता पैदा की गई. अब मुंबई नगर निगम ने शिलाहर हेरिटेज सर्विस की मदद से ‘विलेपार्ले (पूर्व) हेरिटेज वॉक’ का आयोजन किया है। हालांकि मौका ‘हेरिटेज वॉक’ का है, लेकिन इस बार नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने जा रहे हैं।

‘विलेपार्ले (पूर्व) हेरिटेज वॉक’ 15 नवंबर को सुबह 8 बजे विलेपार्ले (पूर्व) के दीनानाथ मंगेशकर थिएटर से शुरू होगी। इस ‘हेरिटेज वॉक’ के दौरान विलेपार्ले (पूर्व) क्षेत्र की 100 वर्ष से अधिक पुरानी इमारतें, लोकमान्य सेवा संघ, पू. एल देशपांडे दालान और अन्य पुराने संस्थान, पारले तिलक विद्यालय, प्रसिद्ध पारलेश्वर मंदिर, हनुमान मंदिर, दत्त मंदिर, प्रसिद्ध मूर्तिकार राव बहादुर म्हात्रे सहित विलेपार्ले (पूर्व) क्षेत्र में रहने वाले प्रसिद्ध लोगों के आवासों का दौरा किया जाएगा।

# मुंबई के डबावालों ने किया शिवसेना (उद्धव ठाकरे) का समर्थन!

**मुंबई:** मुंबई के विभिन्न कार्यालयों के अधिकारियों, कर्मचारियों और व्यापारियों को नियमित रूप से लंच बॉक्स पहुंचाने वाले मुंबई के डबावालों ने शिवसेना (उद्धव ठाकरे) का समर्थन किया है। शिवसेना (उद्धव ठाकरे) अब तक मुंबई के डब्बावालों के साथ मजबूती से खड़ी रही है. इसलिए, मुंबई दबेवाला एसोसिएशन ने घोषणा की कि उपरोक्त निर्णय लिया गया है। शिवसेना (उद्धव ठाकरे) ने मुंबई के डबवालों के लिए कई सुविधाएं



प्रदान की हैं। रेलवे स्टेशन के बाहर साइकिल स्टैंड, दबेवाला भवन आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। वहीं, भविष्य में मरीजों के लिए मनपा अस्पतालों में भी बेड आरक्षित किये जायेंगे. माना जा रहा है कि उद्धव ठाकरे दबेवालों के आवास मुद्दे को भी सुलझाएंगे और उन्हें मुंबई में किफायती घर देंगे, साथ ही दबेवालों के लंबित मुद्दों को भी हल करेंगे। शिवसेना (उद्धव ठाकरे) महा विकास अघाड़ी का घटक दल है। इसलिए मुंबई दाबेवाला एसोसिएशन ने महाविकास अघाड़ी को समर्थन देने का ऐलान किया है. मुंबई दबेवाला एसोसिएशन ने शिवसेना (उद्धव ठाकरे) नेता आदित्य ठाकरे से मुलाकात के बाद उपरोक्त घोषणा की. शिवसेना (उद्धव ठाकरे) ने हमेशा दाबेवालों के आत्मसम्मान की रक्षा करने का काम किया है।' इसलिए, उद्धव ठाकरे जो तोरण बनाएंगे और जो नीति तय करेंगे, वह हमें स्वीकार है.' मुंबई दाबेवाला एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष तालेकर ने कहा कि दाबेवाला हमेशा शिवसेना के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा।

# कैंसर के इलाज के नाम पर 50 हजार रुपये की धोखाधड़ी




**ठाणे:** कैंसर ठीक करने का दावा कर 50 हजार रुपये ठगने का मामला सामने आया है. इस संबंध में कासारवडवली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है. 72 साल की महिला घोड़बंदर के हीरानंदानी एस्टेट इलाके में रहती है. वे कैंसरग्रस्त हैं. वे रोज सुबह टहलने निकलते हैं। कुछ दिन पहले उनकी मुलाकात एक शख्स से हुई. उन्होंने महिला से कैंसर के बारे में पूछा. उन्होंने यह भी बताया कि उनके परिचित एक डॉक्टर कैंसर का निदान करते हैं। उस व्यक्ति ने डॉक्टर का मोबाइल नंबर दिया. कुछ दिन बाद वह डॉक्टर बार-बार महिला के बेटे से संपर्क कर इलाज के बारे में पूछने लगा।

29 अक्टूबर को वह उनके घर आया। उसने महिला की बांह में एक इंजेक्शन भी लगाया। इस इलाज के लिए उसने लड़के से 50 हजार रुपये लिए. दो दिन बाद उनके बेटे ने डॉक्टर से संपर्क करने की कोशिश की. लेकिन मोबाइल नंबर बंद था. उन्हें ठगी का एहसास हुआ क्योंकि सुबह सैर कर रहे व्यक्ति का मोबाइल नंबर भी बंद था। जब उन्होंने इलाके के एक निजी अस्पताल में जांच की तो पता चला कि उन्हें जो इलाज दिया गया वह फर्जी था। इस मामले में महिला के बेटे ने कासारवडवली पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है.

# महाराष्ट्र/ मुंबई में चार विधानसभा क्षेत्र प्रदूषित... भायखला, शिवडी, देवनार, मानखुर्द समस्या

**मुंबईः** बुनियादी ढांचे के विकास परियोजना कार्यों, निर्माण कार्यों और अन्य कारणों से पिछले कुछ वर्षों में मुंबई के कई इलाके प्रदूषित हो गए हैं। बढ़ते प्रदूषण के कारण नागरिकों का स्वास्थ्य खतरे में है। प्रदूषण की समस्या गंभीर हो गई है। मुंबई में भायखला, शिवडी, देवनार, मानखुर्द विधानसभा क्षेत्र प्रदूषित पाए गए हैं। ऐसे में यह तो साफ है कि राजनीतिक दल, जन प्रतिनिधि और विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी इस अहम मुद्दे को साफ तौर पर नजरअंदाज कर रहे हैं. कैंपेन में यह मुद्दा नहीं उठाया जाता या राजनीतिक दल के विज्ञापन में प्रदूषण के मुद्दे का जिक्र नहीं किया जाता. इसलिए अब उम्मीदवार और चुनाव में विजयी होने वाले उम्मीदवार मतदाताओं से मांग कर रहे हैं कि वे इस समस्या पर ध्यान दें और इस समस्या का समाधान करें.



मुंबई शहर में हमेशा सुर्खियों में रहने वाले भायखला और शिवड़ी अब अपनी प्रदूषित हवा के लिए भी चर्चा में हैं। इसके साथ ही देवनार, मानखुर्द, गोवंडी, कांजुरमार्ग और बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स इलाकों में भी कई सालों से प्रदूषण की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है. इससे कई विधानसभा क्षेत्र प्रदूषित हो गये हैं. शिवडी, भायखला, मानखुर्द, देवनार सबसे प्रदूषित विधानसभा क्षेत्र हैं। प्रदूषण के कारण यहां के नागरिकों की स्वास्थ्य समस्या गंभीर हो गई है। हालाँकि, यह स्पष्ट है कि राजनीतिक दल और उम्मीदवार इस सवाल पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। सभी राजनीतिक दल इस समय शिवडी, बायचल, मानखुर्द, देवनार में जोरों से प्रचार कर रहे हैं। प्रत्याशी मतदाताओं से मिल रहे हैं. इस समय सड़क, परिवहन से लेकर पुनर्विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मुद्दों पर वादे किये जा रहे हैं. लेकिन तस्वीर ये है कि प्रदूषण जैसे अहम मुद्दे पर कोई बात नहीं कर रहा.

देवनार में जहां लैंडफिल और बायो-मेडिकल कचरे के कारण प्रदूषण की समस्या गंभीर है, वहीं अब गोवंडी के निवासी मुंबई की खराब हवा से हैरान हैं। इस बीच प्राकृतिक कारणों के अलावा कई मानव निर्मित कारण भी मुंबई के प्रदूषण को बढ़ा रहे हैं। निगरानी विशेषज्ञ बता रहे हैं कि बुनियादी ढांचा परियोजना कार्यों और निर्माणों से उड़ने वाली धूल हवा की गुणवत्ता में गिरावट का कारण बन रही है। इसी प्रकार, वाहनों से निकलने वाले धुएं में सूक्ष्म कालिख जैसे कण होते हैं। ये कण आपस में मिलकर वातावरण में प्रदूषण बढ़ाते हैं। पिछले कुछ दिनों से शिवड़ी में एयर इंडेक्स 200-300 के बीच दर्ज किया जा रहा है. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानदंड के अनुसार, वायु गुणवत्ता सूचकांक में 201-300 को खराब हवा माना जाता है।

# मार्च 2025 तक कर्ज का आंकड़ा 7.82 लाख करोड़

**मुंबई :** महाराष्ट्र में विधानसभा का चुनाव जीतने के लिए दोनों ही मुख्य गठबंधनों झ महायुती और महाविकास अघाड़ी (एमवीए) में लंबे-लंबे वादे करने और 'मुफ्त की रेवड़ी' बांटने की होड़ मची हुई है. दोनों ही पक्ष ने जनता से ऐसे-ऐसे वादे कर दिए हैं कि इन्हें पूरा करने पर महाराष्ट्र की बदहाली बढ़नी तय है. राज्य की माली हालत पहले से ही बहुत अच्छी नहीं है. महाराष्ट्र पर कर्ज का बोझ बीते दस सालों में दोगुने से भी ज्यादा हो गया है. 2014 में राज्य पर 2.94 लाख करोड़ का कर्ज था जो आरबीआई के मुताबिक, 2023 में 7.82 लाख करोड़ रुपये हो गया. हालांकि, सरकार का कहना है कि मार्च 2025 तक कर्ज का आंकड़ा 7.82 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचेगा.



नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने महाराष्ट्र सरकार का खाता-बही खंगालने के बाद हिसाब लगाया है कि राज्य को सात साल में पौने तीन लाख करोड़ रुपये का कर्ज चुकाना है. यह महाराष्ट्र सरकार के ऊपर कुल बकाया कर्ज का करीब 60 फीसदी हिस्सा ही है. सीएजी की रिपोर्ट के मुताबिक कर्ज चुकाने की जिम्मेदारी की चलते इस अवधि में सरकार को वित्तीय दबाव का सामना करना पड़ सकता है. शिंदे सरकार ने सीएजी की यह रिपोर्ट विधानसभा में पेश कर दी है. मतलब, सभी नेता राज्य की माली हालत से भली-भांति परिचित हैं. 2024-25 के बजट अनुमान के मुताबिक, महाराष्ट्र सरकार का कुल कर्ज 7,82,991 करोड़ तक जा सकता है. यह राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का 18.35 प्रतिशत होगा. 2022-23 में यह 17.26 प्रति■शत और 2023-24 में 17.59 प्रतिशत था. मतलब कर्ज लगातार बढ़ रहा है. राजकोषीय घाटा (सरकार की आमदनी और खर्च का अंतर) भी तीन प्रतिशत के मान्य पैमाने से ज्यादा बढ़ चुका है. अफसरों का मानना है कि सरकार कोई नया वित्तीय बोझ उठा पाने की स्थिति में नहीं है.

# ठाणे पुलिस ने नवी मुंबई से करोड़ों की नकदी की जब्त!



**ठाणेः** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले खुलेआम आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होते देखा जा रहा है। इस दौरान जगह-जगह पुलिस ने नाकेबंदी कर रही है, लेकिन फिर भी आए दिन लाखों करोड़ों की नकदी पकड़ी जा रही है।

इसी तरह ठाणे पुलिस ने नवी मुंबई से करोड़ों की नकदी जब्त की है। ठाणे पुलिस ने 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बीच नवी मुंबई के नेरुल के सेक्टर 16 में एक रो-हाउस से करीब 2.5 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की, अधिकारियों ने सोमवार को बताया। बता दें कि चुनाव आयोग और ठाणे पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान ये नकदी जब्त की गई। वरिष्ठ निरीक्षक ब्रह्मानंद नायकवाड़ी ने बताया, ''हमने रो-हाउस से नकदी जब्त की है।

# मुंब्रा इलाके में आग लगने की दो घटनाएं...

**कलवा:** मुंब्रा में शुक्रवार (8) रात एक ही दिन में आग लगने की दो घटनाएं हुई हैं. आपदा प्रबंधन इकाई से मिली जानकारी के मुताबिक मुंब्रा रेलवे फास्ट ट्रैक के पास अमरज्योत एक चार मंजिला इमारत है. इस बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर एक घर में आग लग गई. अग्निशमन कर्मी एक दमकल गाड़ी और एक बचाव वाहन के साथ मौके पर मौजूद रहे। रात करीब साढ़े 12 बजे दमकल कर्मियों ने आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। घटना में किसी को चोट नहीं आई. एक अन्य घटना में कौसा के बोसान होटल के पास फरीदा अपार्टमेंट के मीटर बॉक्स में आग लग गयी. कुछ मीटर जलने की घटना हुई है. आपदा प्रबंधन इकाई और टोरेंट पावर के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया।

# घाटकोपर में अश्लील डांस; अनधिकृत बार पर पुलिस का छापा ...!

**मुंबईः** घाटकोपर पुलिस ने रविवार सुबह-सुबह घाटकोपर के एक बार में छापा मारा, जहां अश्लील डांस चल रहा था. पुलिस ने इस बार से आठ बारबलों को बचाया है और इस मामले में पुलिस ने बार के मैनेजर और एक ग्राहक को गिरफ्तार किया है. घाटकोपर पुलिस को सूचना



मिली थी कि घाटकोपर पुलिस स्टेशन की सीमा के अंदर 'दशमेश पंजाब' बार में बारबल अश्लील डांस कर रहे हैं. इसी के तहत घाटकोपर पुलिस की एक टीम ने रविवार सुबह बार पर छापा मारा. पुलिस ने कार्रवाई के दौरान आठ बारबलों को हिरासत में लिया और बाद में उन्हें रिहा कर दिया। इस समय पुलिस ने बार के एक ग्राहक और बार के मैनेजर के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com